(c) whether any foreign country has also shown interest in purchasing navigational system manufactured by HAL; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) and (b) It is not in public interest to disclose the details.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

Settlement of Pension Cases of Army Personnel

1799. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of DEFENEC be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of pension cases are lying pending with the Sena Seva Corps Abhilesh, ASC Records (AT) Baharpur, Gaya for final payments to those Army Personnel who have been discharged from the Army on medical grounds since December, 1991;

(b) if so, whether Government propose to pay interest on the amount admissible to the above mentioned cases which is not paid to them well in time by the ASC Records (AT);

(c) whether Government also propose to take action against the concerned authorities who have made unnecessary delay for making final payment in the above cases; and

(d) by when the above mentioned cases are likely to be settled?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

सीमा क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण

1800. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सीमावर्ती क्षेत्रों में किन-किन स्थानों पर सड़कों का निर्माण कार्य अभी भी किया जाना बाकी है; और

(ख) सरकार इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही कर रही है।

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) और (ख) सीमा सड़क संगठन सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य उन एजेंसियों द्वारा वर्ष के लिए निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुसार करता है जो उन सड़कों के निर्माण की मांग करती है। ये प्राथमिकताएं संक्रियात्मक तथा आर्थिक जरूरतों और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित की जाती है। अतः भविष्य में सीमावर्ती क्षेत्रों में किन-किन स्थानों पर सड़कों का निर्माण किया जायेगा यह बताना संभव नहीं है।

मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में एन. सी.सी. प्रशिक्षण

1801. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितने उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में इस समय एन.सी.सी. का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ;

(ख) क्या सरकार को हिमाचल प्रदेश में कुछ स्कूलों में एन.सी.सी. डिवीजन शुरू करने हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे स्कूलों का ब्यौरा क्या है जहां सरकार 1992-93 के दौरान एन. सी. सी. का प्रशिक्षण शुरू करने का विचार रखती है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) मध्य प्रदेश के 15 माध्यमिक विद्यालयों (हाई स्कूलों) और 373 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इस समय राष्ट्रीय कैडेट कोर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(ख) राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय चण्डीगढ़ को हिमाचल प्रदेश के 34

विद्यालयों से राष्ट्रीय कैडेट कोर का प्रशिक्षण शुरू करने के लिए आवेदनप्राप्त हुए हैं।

(ग) हिमाचल प्रदेश में नवोदय विद्यालयों के लिए 100 जूनियर डिवीजन कैडेटों की संख्या के अतिरिक्त वर्ष 1992-93 के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय, चण्डीगढ़, को पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा चण्डीगढ़ के विद्यालयों को आबंटित करने के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त कैडेट संख्या आबंटित की गई है :-

जूनियर डिवीजन सेना	200
जूनियर डिवीजन वायुसेना	100
जूनियर डिवीजन गर्ल्स	100

Manufacture of MIG 21 Planes

1802. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that cooperation between India and Mikoyan Design Bureau (MDB) for manufacture of MIG 21 has a great perspective ahead as reported in the Times of India of 7th January, 1992 under the news item entitled "Major tie-up in the offing: India likely to manufacture in MIG-21 for export; and

(b) if so, what are the details in the matter?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) and (b) It is not in public interest to disclose this information.

रक्षा मंत्रालय के अधीन उपक्रमों/संगठनों में भ्रष्टाचार

1803. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय के अधीन विभिन्न उपक्रमों/संगठनों में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में सूचना मिली है ;

(ख) यदि हां, तो कितने अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है और पिछले तीन वर्षों के दौरान उनमें से कितने अधिकारियों की सेवायें समाप्त की जा चुकी हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि जिन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले हैं उन्हें शास्ति के रूप में केवल स्थानान्तरित कर दिया गया है ; और

(घ) भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों में अंतर्ग्रस्त अधिकारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार किया जा रहा है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जारही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Stoppage of infiltration of terrorists from Shri Lanka

1804. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) what steps Government have taken to strict vigil in the seas on the east of Tamil Nadu to seal the infiltration of terrorists from Sri Lanka into Tamil Nadu;

(b) what is the strength of Naval forces deployed in this area; and

(c) whether there is any proposal to strengthen the vigil force in this neval base?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) Indian Navy and Coast Guard vessels and aircraft maintain a continuous sea and air surveillance of the Tamil Nadu coast including the Palk Bay, prevent infiltration of terrorists.

(b) and (c) The forces on petrol are reviewed periodically and augmented as required, from time to time, depending on the prevailing situation.